उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरुवार, 09 चैत्र, शक संवत्, 1940
( दिनांक : 22 मार्च, 2018 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विधान सभा के वर्ष, 2017 के तृतीय सत्र में, उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियमावली, 2005 के नियम-300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश संख्या-14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।

6. पेयजल मंत्री, उत्तर प्रदेश जल, संभरण, सीवर व्यवस्था अधिनियम, 1975 (उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त) की धारा-50(4) के अन्तर्गत उत्तराखण्ड जल संस्थान के वित्तीय वर्ष 2012-13 से वर्ष 2015-16 तक के वार्षिक लेखे/प्रतिवेदन (बैलेन्सशीट) को सदन के पटल पर रखेंगे।

7. पेयजल मंत्री उत्तर प्रदेश जल सम्भरण एवं सीवर व्यवस्था अधिनियम-1975 की धारा-50 (5) (क) के अन्तर्गत ''उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम के वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 तक के वार्षिक प्रतिवेदन'' सदन के पटल पर रखेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

8. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विधान सभा के विधायकों/ पूर्व विधायकों के वेतन भत्तों एवं अन्य सुविधाओं से सम्बन्धी तदर्थ समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

9. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-थिथकी क्यायदपुर में मोबाईल नेटवर्क टावर लगवाने के सम्बन्ध में" श्री वैभव पुत्र श्री सुरेश पाल, ग्राम थिथकी क्यायदपुर, पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-हथियाथल में शमशान घाट की चारदीवारी के सम्बन्ध में" श्री सुभाष पुत्र श्री हरपाल, ग्राम हथियाथल, पो0 तांशीपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-पनियाला में स्टेशन से आजाद नगर रोड तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री करणपाल पुत्र श्री दाताराम, ग्राम पनियाला, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-हथियाथल में अम्बेडकर पार्क के सौन्दर्यकरण के सम्बन्ध में" श्री जयपाल पुत्र श्री श्यामलाल, ग्राम हथियाथल, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-अकबरपुर फाजिलपुर गांव से मूलेवाला गांव तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री मित्ता पुत्र श्री भगमल, ग्राम अकबरपुर फाजिलपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-थिथकि से भरतपुर तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री वैभव पुत्र श्री सुरेशपाल, ग्राम थिथकि, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-दहियाकी मण्डावली में तालाब के सौन्दर्यकरण के सम्बन्ध में" श्री मनोज पुत्र श्री शीतल प्रसाद, ग्राम दहियाकी, पो0 गुरूकुल नारसन, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

16. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-सलेमपुर राजपूताना से इकबालपुर तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री मुकेश पुत्र श्री भोपाल सिंह, ग्राम सलेमपुर राजपूताना, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

17. श्री नवीन चन्द्र दुम्का, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के लालकुऑ विधान सभा क्षेत्र में चोरगलिया नन्हौर रनशाली (आसपास के क्षेत्र) को टाइगर रिजर्व बनाये जाने के सम्बन्ध में" श्री प्रकाश चन्द्र गरजौला पुत्र स्व0 श्री हरीशचन्द्र, जिला पंचायत सदस्य आमखेड़ा चोरगलिया गोलापार, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. श्री बलवन्त सिंह भौर्याल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट के अन्तर्गत गोगिना-कीमू 07 किमी0 मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री दरवान सिंह पुत्र श्री पान सिंह, ग्राम कीमू, पो0 गोगीना, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. श्री बलवन्त सिंह भौर्याल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट के अन्तर्गत खड़लेख भनार घुरड़िया बैण्ड से धरमघर माजखेत का चुचेर 08 किमी0 मोटर मार्ग मिलान के सम्बन्ध में" श्री नन्दन सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह, ग्राम व पो0 चुचेर, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

20. श्री बलवन्त सिंह भौर्याल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट के अन्तर्गत हरसीला पुड़कूनी चचई 05 किमी0 मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री प्रकाश सिंह पुत्र श्री शेर सिंह, ग्राम व पो0 पुड़कूनी चचई, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

21. श्री बलवन्त सिंह भौर्याल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट के अन्तर्गत भैंरू ओखलधार 06 किमी0 मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री खीम सिंह पुत्र श्री गुमान सिंह, ग्राम व पो0 पांकड़, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

22. श्री बलवन्त सिंह भौर्याल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट के अन्तर्गत गैरखेत से लखमारा 05 किमी0 मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री खीम सिंह पुत्र श्री भीम सिंह, ग्राम व पो0 लखमारा, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

23. श्री बलवन्त सिंह भौर्याल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट के अन्तर्गत करूली बैण्ड से गाजली विजोरिया 10 किमी0 मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री नारायण सिंह पुत्र श्री राम सिंह, ग्राम व पो0 करूली, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

24. श्री बलवन्त सिंह भौर्याल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट के अन्तर्गत खड़लेख से भनार डाना 04 किमी0 मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री शिव सिंह पुत्र श्री खुशहाल सिंह, ग्राम व पो0 भनार, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

25. श्री बलवन्त सिंह भौर्याल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट के अन्तर्गत कर्मी-बघर-ढोक्टीगांव मोटर मार्ग 10 किमी0 मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री रमेश सिंह पुत्र श्री कुशल सिंह, ग्राम व पो0 बघर, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

26. श्री बलवन्त सिंह भौर्याल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट के अन्तर्गत शामा से डागटी वाया ज्ञानधुरा 06 किमी0 मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री पुष्कर सिंह पुत्र श्री खुशहाल सिंह, ग्राम व पो0 शामा, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

27. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड चम्बा में हेवलघाटी नदी क्षेत्र में वर्ष 2013 की आपदा से क्षतिग्रस्त नहरो के पुर्ननिर्माण न कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री भरत सिंह जडधारी, ग्राम व पो0 जडधार गांव, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

28. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद टिहरी गढ़वाल में टिहरी झील के जल भराव से जाखणीधार क्षेत्र में पड़ रही दरार का भूगर्भीय सर्वेक्षण न कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री विनोद चमोली, प्रधान पिपोला, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

29. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद टिहरी गढ़वाल में रा0इ0का0 भवन ज्ञानसू टिहरी के भवन निर्माण न होने के सम्बन्ध में" श्री किशोर सिंह नेगी, पूर्व प्रधान नवाधर, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

30. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद टिहरी गढ़वाल में रा0इ0का0 भवन छापराधार चम्बा के भवन निर्माण न होने के सम्बन्ध में'' श्री मदन डबराल, प्रधान ग्राम पंचायत चोपडियाल गांव, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

31. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद टिहरी गढ़वाल में चम्बा बाईपास पर (राष्ट्रीय राजमार्ग मसूरी से उत्तरकाशी रोड पर) लम्बे समय से कार्य न कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री धर्म सिंह रावत, सदस्य क्षेत्र पंचायत आराकोट, चम्बा, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

32. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद टिहरी गढ़वाल में नई टिहरी शहर के वर्षात के पानी से हमारी कृषि भूमि एवं गांवों को हो रहे नुकसान के सम्बन्ध में'' श्री बचन सिंह नेगी, पूर्व प्रधान जसपुर, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

33. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद टिहरी गढ़वाल में रा0 एलोपैथिक चिकित्सालय अंजनीसैण टि0ग0 के सड़क से न जोड़े जाने के सम्बन्ध में'' श्रीमती बेबी असवाल, ब्लॉक प्रमुख जाखणीधार, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

34. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद टिहरी गढ़वाल में जाखणीधार तहसील के लिए जीर्ण-क्षीर्ण वन विभाग की सड़क को सही न करवाने के सम्बन्ध में'' श्री विनोद बिष्ट, सदस्य क्षे0प0 जाखणीधार, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

35. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद टिहरी गढ़वाल में वि0ख0 जाखणीधार की दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त सड़को को न बनाये जाने के सम्बन्ध में'' श्री उदय रावत, मण्डल अध्यक्ष, भाजपा जाखणीधार, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

36. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद टिहरी गढ़वाल में टिहरी झील के आस पास जल संवर्धन के कार्यो के लिए टी0एच0डी0सी0 द्वारा धन न दिये जाने के बाबत् कार्य न होने के कारण हो रहे नुकसान के सम्बन्ध में'' श्री अमर सिंह, ग्राम चोपड़ा पो0 गेवली, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

37. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम शेरपुर खेलमऊ में तालाब के सौन्दर्यकरण के सम्बन्ध में'' श्री मनोज कुमार पुत्र श्री इकबाल सिंह, ग्राम व पो0 शेरपुर खेलमऊ, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

38. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम डेलना में ज्योतिराम के मकान से नाथीराम के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री ज्योतीराम पुत्र श्री माहु, ग्राम डेलना, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

39. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम बलेलपुर में सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री प्रवेज पुत्र श्री मंजुर हसन, ग्राम बलेलपुर, पो0 सलेमपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

40. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम कुरडी में एन0एच0 58 से नगला ऐमाद तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री अरविन्द कुमार पुत्र श्री सेवाराम, ग्राम कुरड़ी, पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

41. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम बलेलपुर में कब्रिस्तान की चारदीवारी के सम्बन्ध में'' श्री जमशेद पुत्र श्री हानिफ, ग्राम बलेलपुर, पो0 सलेमपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

42. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम लाठरदेवा हूण में अम्बेदकर पार्क के सौन्दर्यकरण के सम्बन्ध में'' श्री भूरा सिंह पुत्र श्री बलजीत सिंह, ग्राम लाठरदेवा हूण, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

43. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा ब्लाक के करायल-टक्कुश मोटर मार्ग के डामरीकरण की स्वीकृति के सम्बन्ध में'' श्री महा सिंह पुत्र श्री तेज सिंह, ग्राम रैकुना, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

44. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के कलसा नदी के किनारे बसे गांवों की सुरक्षा हेतु चैकडैम बनाने के सम्बन्ध में'' श्री कैलाश चन्द्र पुत्र श्री भैरव दत्त, ग्राम अम्दो, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

45. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत ग्रामसभा कचलाकोट में प्रा0 पाठशाला भवन के अन्दर कई महीनों भरे हुए मलुवे की सफाई कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री पंकज सिंह बोरा, पुत्र घनश्याम सिंह बोरा, ग्राम कचलाकोट, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

46. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत ग्रामसभा सुई, ट्राड़ा, रीखाकोट सहित ओखलकाण्डा, धारी, रामगढ़, ब्लाकों में विद्युत विभाग द्वारा वर्षो से लगाये गये लकड़ी के पोल तथा उन पर झूल रहे बिजली के तार को बदले जाने के सम्बन्ध में'' श्री मदन परगाई पुत्र श्री प्रेम बल्लभ परगाई, ग्राम ट्राड़ा, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

47. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा के ग्राम सभा रैकुना, टक्कुश, जमराणी, रमैलगांव, में गौला नदी के किनारे भू-कटाव की कारण काश्तकारों को हो रहे नुकशान के सम्बन्ध में'' श्री पान सिंह पुत्र श्री चरण सिंह, ग्राम रैकुना, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

48. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत ओखलकाण्डा ब्लाक के गौला नदी के किनारे बसे गांवों व जमीन की सुरक्षा हेतु चैकडाम व सीमेंट के ब्लाक बनाने के सम्बन्ध में'' श्री रवि गोस्वामी, पुत्र हरिशंकर गोस्वामी, ग्राम खनस्यू, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

49. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा ब्लाक के चमोली के तोक गाजा के कराली गाड़, लूगड़ नदी में लगातार हो रहे भू-स्खलन से जमीन को बहने से रोकने के लिए नदी के किनारे चैकदाम व सीमेंट के ब्लाक बनाये जाने के सम्बन्ध में'' श्री रणजीत सिंह, पुत्र धरम सिंह, ग्राम चमोली गाजा, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

50. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के भीमताल ब्लाक में लमजाला से बानना तक वर्षो से कटे मोटर मार्ग में ग्रामीणों की कटी भूमि का मुवावजा ग्रामीणों को आज तक नही दिये जाने के सम्बन्ध में" श्री संतोष शर्मा, पुत्र श्री अर्जुन शर्मा, ग्राम बानना, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

51. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा ब्लाक में ग्राम चमोली के तोक गाजा, लूगड़ मोटर मार्ग, लूगड़ पुल से गाजा तोक तक दो किमी0 डामरीकरण व चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री चैत सिंह, पुत्र श्री कुशल सिंह, ग्राम गाजा चमोली, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

52. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा ब्लाक में ग्राम पटरानी में कौन्ता से रा0ई0का0 पटरानी की और पैदल मार्ग बनाये जाने के सम्बन्ध में" श्री प्रेम राम पुत्र श्री डुंगर राम, ग्राम पटरानी, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

53. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा ब्लाक में ग्राम पटरानी गांव में रेला नदी से पटरानी गांव की ओर जीर्ण-क्षीर्ण पेयजल लाईन का सुधार किये जाने के सम्बन्ध में" श्री नरेश चन्द्र, पुत्र श्री प्रेम राम, ग्राम पटरानी, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

54. श्री भरत सिंह चौधरी, सदस्य, विधान सभा, ''विधान सभा क्षेत्र रूद्रप्रयाग के विकासखण्ड जखोली स्थित बजीरा में क्षतिग्रस्त सड़क मरम्मतीकरण के सम्बन्ध में" श्री भूपेन्द्र भण्डारी ग्राम ललूड़ी, विकासखण्ड जखोली, जनपद रूद्रप्रयाग एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

55. श्री भरत सिंह चौधरी, सदस्य, विधान सभा, ''विधान सभा क्षेत्र रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड जखोली स्थित पश्चिमी भरदर ( सौंदाखाल) में दूरसंचार टावर स्थापित करने के सम्बन्ध में" श्रीमती गुड्डी देवी, ग्राम सौंराखाल, विकासखण्ड जखोली, जनपद रूद्रप्रयाग एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

56. श्री भरत सिंह चौधरी, सदस्य, विधान सभा, ''विधान सभा क्षेत्र रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड अगस्त्यमुनि स्थित जनपद मुख्यालय में पेयजल आपूर्ति (वाटर लिफ्टिंग) के सम्बन्ध में" श्री अजय सेमवाल, ग्राम पुनाड़ विकासखण्ड अगस्त्यमुनि जनपद रूद्रप्रयाग एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

57. श्री भरत सिंह चौधरी, सदस्य, विधान सभा, ''विधान सभा क्षेत्र रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड जखोली के अन्तर्गत रैंठिया-जवाड़ी, ग्राम समूह पेयजल योजना निमाण के सम्बन्ध में" श्रीमती आशा डिमरी, ग्राम स्वीली सेम, विकासखण्ड जखोली, जनपद रूद्रप्रयाग एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

58. श्री भरत सिंह चौधरी, सदस्य, विधान सभा, ''विधान सभा क्षेत्र रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड जखोली स्थित जैली एवं शीशों में सिंचाई विभाग द्वारा प्रस्तावित बाढ़ सुरंग योजना के तहत कार्य न किये जाने के सम्बन्ध में" श्री ओमप्रकाश बहुगुणा, ग्राम जैली, पो० तैला, वि0ख0 जखोली, जनपद रूद्रप्रयाग एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

59. श्री भरत सिंह चौधरी, सदस्य, विधान सभा, ''विधान सभा क्षेत्र रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड जखोली के ग्राम काण्ड़ा भरदार में नई पेयजल योजना के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री सन्तू लाल, ग्राम काण्ड़ा, विकासखण्ड जखोली, जनपद रूद्रप्रयाग एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

60. श्री भरत सिंह चौधरी, सदस्य, विधान सभा, ''विधान सभा क्षेत्र रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड अगस्त्यमुनि के अन्तर्गत ग्राम पाबौ में 2 किमी० मोटरमार्ग निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में" श्री सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, ग्राम पाबौ, विकासखण्ड अगस्त्यमुनि, जनपद रूद्रप्रयाग एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

61. श्री भरत सिंह चौधरी, सदस्य, विधान सभा, ''विधान सभा क्षेत्र रूद्रप्रयाग में आवारा पशुओं/गायों के संरक्षण हेतु काजी हाऊस निर्माण के सम्बन्ध में" श्री हरि सिंह बिष्ट, ग्राम चिनग्वाड़, जनपद रूद्रप्रयाग एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

62. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

63. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

64. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

65. संसदीय कार्य मंत्री, ''उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ विधेयक, 2018'' पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

66. संसदीय कार्य मंत्री, ''उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ विधेयक, 2018'' को पुरःस्थापित करेंगे।

67. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-''**ग**'')

68. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

69. श्री मुन्ना सिंह चौहान, सदस्य विधान सभा द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा एवं पारण :-

''यह सदन श्री राज्यपाल को उनके द्वारा दिनांक 20 मार्च, 2018 को दिए गये अभिभाषण के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है''

(प्रस्ताव में संशोधनों के लिए देखिए नत्थी ''**घ**'')

**(समय : अपराह्न 04:00 बजे)**।

70. वित्त मंत्री, वित्तीय वर्ष 2018-19 का आय-व्ययक प्रस्तुत करेंगे।

-8-

71. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-54 के अन्तर्गत निम्नलिखित सूचनाओं का प्रस्तुतीकरणः-

   1. "प्रदेश के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कार्मिकों को पदोन्नति में आरक्षण प्रदान किया जाय।"

   2. "प्रदेश की आर्थिक एवं भौगोलिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए पहाड़ों से पलायन रोकने के लिए इस सदन में चर्चा कराई जाय।"

72. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 21 मार्च, 2018

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

प्रथम सत्र, 2018
का प्रथम गुरूवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
## की कार्यसूची
### गुरूवार, 09 चैत्र, शक संवत्, 1940
### ( दिनांक : 22 मार्च 2018 )
## नत्थी 'क'
### अल्पसूचित प्रश्न

श्री करन माहरा
05.03.2018

** क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि वित्तीय वर्ष 2017–18 में आबकारी विभाग द्वारा प्रदेश में देशी व अंग्रेजी मदिरा की बिकी हेतु कुल कितनी दुकानों को जनपदवार लाईसेंस आवंटित किये गये है तथा उक्त से जनपदवार सरकार को कितना राजस्व प्राप्त हुआ है ? क्या सरकार उक्त की सूचना सदन में रखेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

आबकारी

श्री धन सिंह नेगी
05.03.2018

** क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत है कि मनरेगा के तहत सोशियल ऑडिट (सामाजिक सम्प्रेषण) किये जाने का प्राविधान है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगें कि मनरेगा में उक्त सोशियल ऑडिट कराने में मनरेगा एक्ट में कितनी धनराशि दिये जाने का प्राविधान है? क्या यह भी सत्य है कि सोशियल ऑडिट की रिपोर्ट सार्वजनिक भी की जाती है? यदि नहीं, तो क्यों?

ग्राम्य विका

## नत्थी 'ख'

### तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल 05.02.2018 | *1. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि ग्लोबल स्टूडेंट योजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड के सरकारी स्कूली विद्यार्थियों के लिए योजना के अन्तर्गत राज्य के 22 सरकारी स्कूलों का चयन किया गया है? यदि हां, तो इनका विवरण क्या है? किन मानकों के अनुसार स्कूलों का चयन किया गया है? क्या चयनित स्कूलों की संख्या में वृद्धि की जाएगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री खजानदास 05.02.2018 | *2. स्थगित।<br>"क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में शिक्षा का अधिकार अधिनियम कब से लागू हुआ है तथा उसमें प्रवेश हेतु क्या अर्हतायें है ? क्या मंत्री जी यह भी बताऐंगें कि अधिनियम के लागू होने से अब तक जनपद/विद्यालयवार उक्त अधिनियम में कुल कितने छात्र–छात्रायें शिक्षा ग्रहण कर चुके है तथा कितने वर्तमान में शिक्षारत है? क्या विद्यालय में अधिनियम के तहत शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र–छात्राओं के पते तथा उनके पिता/अभिभावकों के पते, आय, बी0पी0एल0 प्रमाण पत्र की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?" | शिक्षा |
| श्री केदार सिंह रावत 06.02.2018 | *3. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के पदों पर ओ0बी0सी0 का अद्यतन बैकलॉग कितना है? क्या सरकार ओ0बी0सी0 के बैगलॉग पदों पर कोई नियुक्ति प्रकिया निर्धारित कर रही है? यदि हां, तो कब तक? | विद्यालयी |
| श्री करन माहरा 07.02.2018 | *4. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि वर्तमान में राज्य में कितने राजकीय महाविद्यालयों में स्ववित्त पोषित बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित हैं? क्या सरकार इन्हें भी राज्यपोषित करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 08.02.2018 | *5. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार के अधीन संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं व एस0सी0/एस0टी0एवं निर्बल वर्ग के छात्रों को वर्तमान वर्ष में गणवेश उपलब्ध करा दी गई है अथवा नही तथा इसके लिए मॉग के सापेक्ष कितनी धनराशि जारी की गई है? | शिक्षा |
| श्री करन माहरा 08.02.2018 | *6. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि समय–समय पर केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के स्तर को उच्चीकृत करने हेतु शिक्षा विभाग को निर्देशित नियमों का पालन निजी विद्यालयों के साथ–साथ सभी राजकीय विद्यालयों में करवाया जा रहा है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

श्री प्रीतम सिंह पंवार
08.02.2018

*7. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में दुग्ध उत्पादन व्यवसाय जनपदवार कितने परिवार अपना रोजगार अथवा आजीविका चला रहे है? राज्य में प्राकृतिक रूप से दुग्ध उत्पादन में बढ़ोत्तरी के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किये जा रहे है? क्या सरकार बतायेगी कि राज्य में गाय, भैस के दूध का प्रतिदिन उत्पादन कितने लीटर का हो रहा है और इसके सापेक्ष कुल मांग प्रतिदिन कितनी है? क्या सरकार गाय, भैस के दूध के उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई कारगर योजना बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

दुग्ध विकास

श्री गणेश जोशी
14.02.2018

*8. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि शिक्षा विभाग के अन्तर्गत प्रदेश में राजकीय इण्टर कॉलेज/हाईस्कूलों में पुस्तकालय स्थापित किये जाने का कोई प्राविधान है? यदि हां, तो प्रदेश के कितने विद्यालयों में पुस्तकालय विधिवत स्थापित हैं और कितने पुस्तकालयाध्यक्ष एवं पुस्तकालय सहायक कार्यरत है? यदि नहीं, तो क्या सरकार द्वारा रमसा के तहत प्रत्येक विद्यालय को पुस्तकों के लिए दी जाने वाली भारी भरकम धनराशि के सदुपयोग के लिए कोई कार्ययोजना बनायी जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री गणेश जोशी
14.02.2018

*9. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि शिक्षा विभाग के अन्तर्गत कार्यरत शिक्षक/कर्मचारियों की डिग्रियों का सत्यापन किये जाने का प्राविधान है? यदि हां, तो कौन इसके लिए सक्षम अधिकारी है और अभी तक कुल कितने कर्मचारियों/शिक्षकों का सत्यापन हो चुका है? यदि नहीं, तो क्या सरकार इस हेतु कोई कार्ययोजना बनाये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री देशराज कर्णवाल
14.02.2018

*10. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि राज्य में दुग्ध उत्पादन व्यवसाय में जनपद वार कितने परिवार अपना रोजगार अथवा आजीविका चला रहे है? राज्य में प्राकृतिक रूप से दुग्ध उत्पादन में बढोतरी के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किये जा रहे है? क्या सरकार बतायेगी कि राज्य में गाय, भैस एवं बकरी के दूध का प्रतिदिन उत्पादन कितने लीटर का हो रहा है और इसके सापेक्ष कुल मांग कितनी है? हरिद्वार जनपद में कितनी गऊशाला एवं बकरीवाडा है? क्या सरकार गाय, भैस एवं बकरी के दूध के उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई कारगर योजना बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

दुग्ध विकास

श्रीमती ममता राकेश
14.02.2018

*11. **पंचम सोमवार के तारांकित 02 में स्थानान्तरित।**

"क्या पंचायतीराज मंत्री यह बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में वर्ष 2017–18 में जिला योजना के अन्तर्गत कुल कितना बजट प्राविधान किया गया था तथा उक्त के सापेक्ष कुल कितने बजट का व्यय हुआ एवं कितना बजट अवशेष है, क्या सरकार उक्त से संबंधित योजनाओं का विवरण, प्राविधानित बजट, व्यय बजट, अवशेष बजट का जनपदवार सम्पूर्ण विवरण सदन में रखेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? "

पंचायतीराज

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.02.2018 | *12. क्या पंचायती राज मंत्री अवगत है कि प्रदेश में बी0डी0सी0 (क्षेत्र विकास समिति) की बैठकों में सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों के आवश्यक रूप से प्रतिभाग करने हेतु 13.01.2000 को शासनादेश निर्गत किया गया है? क्या यह भी जानकारी है कि उक्त शासनादेश के अनुपालन न किये जाने की शिकायतें प्राप्त होती रहती है? यदि हां, तो अब तक कुल कितने ऐसे अधिकारियों पर कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.02.2018 | *13. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान समय में प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, प्रवक्ता व एल0टी0 संवर्ग के कुल कितने पद स्वीकृत है? स्वीकृत पदों के सापेक्ष कुल कितने पदों पर तैनाती है और कुल कितने पद रिक्त चल रहे है? रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार की क्या योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19.02.2018 | *14. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने विद्यालय भवन ऐसे है जो छात्रों के न होने से खाली पड़े है और उनमें अब पठन–पाठन का कार्य नहीं हो रहा है? क्या सरकार इनका जिलेवार विवरण देगी? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेगें कि इन खाली पड़े भवनों की देख रेख कौन कर रहा है और इसमें कितना व्यय हो रहा है? क्या सरकार व्यर्थ के व्यय से बचने के लिए और भवनों की उचित देख–रेख के लिए एवं इन भवनों का उपयोग हो पाऐ इस हेतु इन्हें अन्य सरकारी विभागों, एन0जी0ओ0 या अन्य जनहित कार्यों में लगी संस्थाओं को देगी? यदि हां, तो कब और किस आधार पर? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्रीमती ममता राकेश<br>27.02.2018 | *15. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि सरकार प्रदेश में अध्ययनरत विज्ञान वर्ग/कला वर्ग के मेधावी छात्र–छात्राओं को लैपटॉप बॉटने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>05.02.2018 | 1. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में कनालीछीना विकासखण्ड से लगे सात रा0इ0का0 से तीस से चालीस कि0मी0 की दूरी पर कोई भी डिग्री कालेज नहीं है? क्या सरकार कनालीछीना में डिग्री कालेज का निर्माण कराएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>05.02.2018 | 2. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ में रा0इ0का0 अस्कोट के छात्र–छात्राऐं 1956 से रा0जू0हाईस्कूल के भवन में पठन–पाठन कर रहे है? विद्यालय के भवन की छत में लगी लकड़ी में दीमक तथा टिनों में जंक लगने से छत कभी भी गिर सकती है? क्या सरकार छत निर्माण के लिए धन स्वीकृत कराऐगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>05.02.2018 | 3. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ग्रामसभाओं के सापेक्ष पूरे ग्राम पंचायत अधिकारी नियुक्त है? यदि हां, तो तद्सम्बन्धी पूर्ण विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में प्रति ग्राम सभाओं में एक विभाग में प्रति ग्राम सभा में एक ग्राम विकास अधिकारी की नियुक्ति की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्री सुरेश राठौर<br>05.02.2018 | 4. क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर में स्थित उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय का नाम तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा महर्षि बाल्मीकि विश्वविद्यालय परिवर्तन करने की घोषणा की गयी थी? यदि हां, तो की गयी कार्यवाही से मा0 मंत्री सदन को अवगत करायेगें? यदि नहीं, तो उक्त घोषणा के अनुपालन न किये जाने के क्या कारण है? | संस्कृत शिक्षा |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>05.02.2018 | 5. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा सहसपुर के अन्तर्गत श्री गुरू राम राय इण्टर कॉलेज सहसपुर में क्या सरकार के स्तर से विज्ञान संकाय की कक्षाऐं सुचारू रूप से संचालित कराये जाने हेतु वित्त सहित स्वीकृति के लिए कोई कार्यवाही प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री खजानदास<br>05.02.2018 | 6. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू हो चुका है अथवा नहीं? यदि हां, तो कब से तथा किन–किन विद्यालयों में इसका अनुपालन हो रहा है तथा किन–किन विद्यालयों में नहीं हो पा रहा है क्या सभी विद्यालयों में इसका अनुपालन हो रहा है? यदि हां, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.02.2018 | 7. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में जनपदवार प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों का अनुपात क्या है? इन असमानताओं को दूर करने के लिए सरकार द्वारा कोई योजना कार्यरत है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

न्दन राम दास
06.02.2018

8. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सुगम क्षेत्र के विद्यालयों में नियुक्ति, पदोन्नति के फलस्वरूप अध्यापकों की तैनाती किये जाने पर सरकार विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो सुगम क्षेत्र के विद्यालयों में एकल व शिक्षक विहीन विद्यालयों हेतु सरकार की क्या योजना है?

शिक्षा

श्री विशन सिंह चुफाल
06.02.2018

9. क्या शिक्षा मंत्री को यह जानकारी है कि जनपद पिथौरागढ़ के जी0आई0सी0 डीडीहाट परिसर में चार दिवारी न होने के कारण आवारा जानवर परिसर में घुस जाते है? क्या सरकार उक्त प्रयोजन हेतु शीघ्र ही धन स्वीकृत कराएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री सुरेश राठौर
06.02.2018

10. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला पंचायत हरिद्वार द्वारा जनपद हरिद्वार में उत्तराखण्ड प्रदेश गठन के बाद वर्षवार अब तक कुल कितनी दुकानों का आवंटन किया गया व उक्त आवंटन में आरक्षण का पालन किया गया अथवा नहीं? यदि हां, तो आरक्षित श्रेणी के आवंटित दुकानदारों की वर्षवार/क्रमवार सूची उपलब्ध करायी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

पंचायतीराज

11. **मा0 सदस्य स्व0 श्री मगनलाल शाह के निधन के फलस्वरूप व्यपगत।**

श्री देशराज कर्णवाल
07.02.2018

12. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा राजकीय महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों के रिक्त 585 पदों की अल्पकालिक भर्ती में आरक्षण व्यवस्था की क्या योजना है? यदि नहीं, तो क्यों?

उच्च शिक्षा

13. **मा0 सदस्य स्व0 श्री मगनलाल शाह के निधन के फलस्वरूप व्यपगत।**

श्री सुरेश राठौर
07.02.2018

14. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला पंचायत के कुल कितने भवन/गेस्ट हाउस (सूची सहित) जिला हरिद्वार में है? क्या रूड़की स्थित गेस्ट हाउस में गैर कानूनी रूप से लोग रहते है? यदि हां, तो क्या अब तक उन पर की गई कार्यवाई से अवगत करवाया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

पंचायतीराज

...ाम सिंह पंवार
08.02.2018

15. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए सीमांत क्षेत्र विकास की तर्ज पर कोई योजना अथवा विशेष पैकेज दिए जाने की योजना पर सरकार द्वारा विचार किया गया है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

पंचायतीराज

श्री सुरेश राठौर
08.02.2018

16. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि ग्राम नौकराग्रन्ट उर्फ बुग्गावाला जनपद हरिद्वार में युवाओं के खेलने हेतु मिनीस्टेडियम का निर्माण कार्य प्रगती पर है? यदि हां, तो मा0 मंत्री तद्संबंधी विवरण सदन में प्रस्तुत करेगें? यदि नहीं, तो क्यों? क्या भविष्य में मिनीस्टेडियम के निर्माण हेतु योजना पर विचार चल रहा है?

युवा कल्याण

श्री देशराज कर्णवाल
09.02.2018

17. क्या डेयरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गंगा गाय महिला डेयरी योजना के अन्तर्गत ग्रामीण स्तर पर कार्यरत दुग्ध सरकार समितियों की महिला दुग्ध उत्पादक सदस्यों को एक–एक दुधारू गाय के लिए ऋण व अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है? जनपदवार कितनी महिलाओं का इस योजना के लिए चयन किया गया है? इस योजना के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण जनपद हरिद्वार में कितने लोगों को इस योजना से लाभान्वित किया गया है एवं कितने लोगों को इस योजना से जोड़े जाने की योजना है? यदि नहीं, तो क्यों?

डेयरी विकास

श्री देशराज कर्णवाल
12.02.2018

18. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में वर्तमान समय में राजकीय इण्टर कालेज एवं हाई स्कूलों में प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, प्रवक्ता व एल0टी0 संवर्ग के कुल कितने पद स्वीकृत है? स्वीकृत पदों के सापेक्ष कुल कितने पदों पर तैनाती है और कितने पद रिक्त चल रहे है? इन पदों के सापेक्ष अनु0जाति के कितने पद रिक्त है? रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार की क्या कोई योजना प्रस्तावित है,? यदि हां, तो वह क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री पूरन सिंह फर्त्याल
12.02.2018

19. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद चम्पावत में नेपाल सीमा पर स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुॅगराबोरा के उच्चीकरण की मांग स्थानीय नागरिकों के द्वारा की जा रही है? क्या सरकार उक्त विद्यालय का उच्चीकरण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

विद्यालयी शिक्षा

श्री पूरन सिंह फर्त्याल
12.02.2018

20. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेगें कि जनपद चम्पावत के विधान सभा लोहाघाट में जिन हाईस्कूलों एवं इण्टर कालेजों में विज्ञान विषय स्वीकृत नहीं है उसकी सूची उपलब्ध करायेगी? क्या सरकार जिन विद्यालयों में विज्ञान विषय स्वीकृत नहीं है उन विद्यालयों में विज्ञान विषय की स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

विद्यालयी शिक्षा

| | | |
|---|---|---|
| ...लीप सिंह रावत<br>14.02.2018 | 21. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में राजकीय इण्टर कालेजों/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति की जाती है? यदि हां, तो पदोन्नति का मापदण्ड क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेगें कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति में शैक्षिक योग्यता को वरीयता दी जाती है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री सुरेश राठौर<br>14.02.2018 | 22. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड प्रदेश में एससीईआरटी, सीमेट, एसएसए, रमसा में नियुक्तियों में आरक्षण का लाभ दिया जाता है? यदि हां, तो तद्संबंधी विवरण सदन के पटल पर रखेगें? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>14.02.2018 | 23. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद उधमसिंहनगर के खेल स्टेडियम काशीपुर का विस्तारीकरण एवं नवींकरण कराकर खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराये जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो इसके लिए सरकार की क्या कार्य योजना है और संबंधित कार्य कब तक प्रारम्भ होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>14.02.2018 | 24. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि क्या सरकार द्वारा श्री राधेहरि राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय काशीपुर में एम0ए0 योगा की कक्षा संचालित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी संबंधित शासनादेश की प्रतिलिपि उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>15.02.2018 | 25. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराये जाने की सरकार की क्या योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | युवा कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.02.2018 | 26. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि राज्य में 15 से 35 आयु वर्ग के युवाओं की एक बड़ी संख्या को दृष्टिगत रखते हुए उनके कल्याण के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या कार्यक्रम व योजनायें चलाये जाने पर विचार किया जा रहा है? क्या सरकार बतायेगी कि राज्य में युवा नीति बना ली गई है? यदि हां, तो वह क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | युवा कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.02.2018 | 27. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि राज्य में ग्रामीण कृषकों का साधन सहकारी समितियों के माध्यम से दिए जाने वाले अल्पकालीन व मध्यकालीन कृषि ऋणों की ऋण सीमा को परिमार्जित कर सीमा बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो वह क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.02.2018 | 28. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि सर्व शिक्षा अभियान परियोजना के अन्तर्गत वर्ष 2015–16 में जनपदवार विविध निर्माण कार्यों के लक्ष्य का निर्धारण क्या था? उनमें से जनपद टिहरी गढ़वाल में विविध निर्माण कार्यों का लक्ष्य क्या था? उनमें से कुल कितने कार्य पूर्ण हो चुके है? कितने कार्य निर्माणाधीन है? और कितने कार्य अनारम्भ है? उन अनारम्भ व निर्माणाधीन कार्यों व योजनाओं को कब तक पूर्ण करवा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री चन्दनराम दास<br>15.02.2018 | 29. क्या शिक्षा मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेगें कि क्षेत्र में शिक्षकों के स्थानान्तरण हेतु सुगम व दुर्गम में कोटिकरण का मानक क्या है? क्या सुगम क्षेत्र में भी स्थानान्तरण, पदोन्नति का लाभ दिया जायेगा, यदि हां, तो सुगम में बन्द होने वाले विद्यालयों में कब तक शिक्षकों को लाभ मिलेगा? यदि हां, तो किस प्रकार से? यदि नहीं, तो कब तक? | शिक्षा |
| श्री सुरेश राठौर<br>15.02.2018 | 30. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि डा0 नित्यानन्द हिमालयी शोध एवं अध्यन केन्द्र में किन–किन पाठ्यक्रमों को एवं किस शैक्षिक सत्र से पठन–पाठन का कार्य शुरू किया जायेगा व इनके द्वारा किन–किन विषयों पर शोध किया जाएगा एवं उसके प्रशासनिक ढ़ॉचे का क्या स्वरूप होगा? | उच्च शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.02.2018 | 31. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में उत्पादित दुग्ध हमारी आवश्यकताओं की कितनी पूर्ति करता है तथा शेष मांग की आपूर्ति कहां से होती है? अन्य राज्यों से होने वाली आपूर्ति पर सरकार का कोई नियंत्रण है अथवा नहीं? यदि नहीं, तो क्यों? | दुग्ध विकास |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>16.02.2018 | 32. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा के तृतीय सत्र में प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के पद पर 600 वी0पी0ई0एड0 एवं वर्ष 2006 से 2014 के मध्य मण्डल स्तर पर सहायक अध्यापक एल0टी0 के पद पर 996 वी0पी0ईएड0 एवं डी0पी0एड0 योग्यताधारियों को नियुक्ति दिये जाने की लिखित जानकारी जो दी गई थी, के प्रति शासन द्वारा उनके नियुक्ति के आदेश पारित कर दिए है? यदि हां, तो मंत्री जी संबंधित शासनादेशों की प्रतियां उपलब्ध करायेगें? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>16.02.2018 | 33. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में वी0पी0एड0 एवं एम0पी0एड0 प्रशिक्षित 14757 बेरोजगार जिनका जिलेवार संख्या निम्न प्रकार है, अपनी नियुक्ति की मांग के प्रति विगत 10 वर्षों से आन्दोलित है? टिहरी– 1170, उत्तरकाशी–730, रूद्रप्रयाग–366, पौड़ी–530, अल्मोड़ा–538, चम्पावत–952, चमोली–577, देहरादून–1000, हरिद्वार–3183, नैनीताल–600, उधमसिंहनगर–2947, बागेश्वर–408 एवं पिथौरागढ़–1756 कुल 14757 यदि हां, तो क्या सरकार इन डिग्रीधारियों को प्रदेश के विद्यालयों में नियुक्ति दिये जाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>19.02.2018 | 34. क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि खेल तथा युवा कल्याण विभाग का एकीकरण करने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के समक्ष विचाराधीन है? यदि हां, तो उसका विस्तृत विवरण क्या है? | खेल एवं युवाकल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>19.02.2018 | 35. उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि सरस्वती राजकीय विद्यालय झबरेड़ा को कन्या महाविद्यालय में उच्चीकरण करने एवं श्री सत्य नारायण मंदिर इण्टर कालेज मखदूमपुर को महाविद्यालय में उच्चीकरण करने की क्या कोई योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19.02.2018 | 36. क्या पंचायतीराज मंत्री अवगत है कि मुख्यमंत्री जी द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 05 सितम्बर 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर सल्ट के मुख्य बाजार में हाईटैक शौचालय के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी थी? यदि हां, तो क्या सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि आज समय तक इस योजना को कियान्वित करने में क्या प्रगति हुई है? क्या सरकार स्वच्छता अभियान के तहत जनहित में सल्ट के मुख्य बाजारों में हाईटैक शौचालयों का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्री धन सिंह नेगी<br>20.02.2018 | 37. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि राज्य में सर्व शिक्षा अभियान की योजना लागू है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगें कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत राज्य को वित्तीय वर्ष 2017–18 का कुल कितना बजट अवमुक्त है? क्या यह भी सत्य है कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत अवस्थापना विकास (विद्यालयों के भवन निर्माण) पर धनराशि खर्च की जाती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगें कि वित्तीय वर्ष 2017–18 में राज्य को भवन निर्माण मद में कितनी धनराशि देय है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

श्री यतीश्वरानन्द
20.02.2018

38. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के ग्राम श्यामपुर, सजनपुरा, बाहर पीला, अन्दर पीली, टांटवाला, गैण्डीखाता, खदरी, नलोवाला, नौरंगाबाद, चिडियापुर, लाहरपुर, लालढांग, चमरिया, नया गांव, कटेवड़, डालुपरी, मौहल्लापुरी, मिठीबेरी, मंगौलपुरा, आर्यनगर, रसूलपुर, रसूलपुर गोट आदि सभी ग्रामों में लगभग 25 हजार लोगों की आवादी निवास करती है? उक्त सभी ग्रामों के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए 30 से 40 कि0मी0 तक का सफर प्रतिदिन तय करना पड़ता है और उक्त क्षेत्र में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है? जिस कारण शिक्षा का स्तर काफी गिर रहा है? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को उठाने के लिए एक डिग्री कॉलेज का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

उच्च शिक्षा

श्री हरभजन सिंह चीमा
20.02.2018

39. **चतुर्थ सोमवार के 55 में स्थानान्तरित।**

"क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि तहसील जसपुर की न्याय पंचायत भरतपुर के 19 गॉव कमशः लालपुर, बाबरखेड़ा, हरियावाला, शाहगंज, कुण्डा, बक्सौरा, टीला गनेशपुर, केशरीपुर, गिरध्याई मुंशी, बैतवाला, करनपुर, भरतपुर, बगवाड़ा, पस्तौरा, गढ़ीनेगी, किलावली, दुर्गापुर तथा नवलपुर को तहसील काशीपुर में सम्मिलित किए जाने का प्रस्ताव जो जिलाधिकारी उधमसिंहनगर के पत्रांक संख्या 492/नौ–रा0सहा0/2010 दिनांक 31 मार्च 2010 से शासन में प्रेषित किया गया था, शासन के विचाराधीन है? यदि हां, तो संबंधित गॉवों को तहसील काशीपुर में सम्मिलित किए जाने का आदेश कब तक पारित होगा? यदि नहीं, तो क्यों?"

पंचायतीराज

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
20.02.2018

40. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि र0म0सा0 के अन्तर्गत जितने भी भवनों का निर्माण वर्ष 2012–13, 13–14 एवं 14–15 में किऐ गऐ उन सभी में सरकार द्वारा निर्माण एजेन्सी को आज समय तक पूर्ण भुगतान नहीं किया गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी लम्बित भुगतान का विधानसभावार विवरण देते हुए शीघ्र भुगतान करायेगें? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री सुरेश राठौर
21.02.2018

41. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड प्रदेश में सरकारी एवं निजी स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र/छात्राओं को भारत के संविधान के अध्ययन हेतु यथायोग्य पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने की कोई योजना है? यदि हां, तो उसका विवरण सदन में प्रस्तुत करेगें? यदि नहीं, तो क्यों? क्या सरकार द्वारा भविष्य में इस प्रकार की योजना पर विचार किया जायेगा?

शिक्षा

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>21.02.2018 | 42. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जिला पंचायत हरिद्वार द्वारा जनपद हरिद्वार में उत्तराखण्ड प्रदेश गठन के बाद वर्षवार अब तक कुल कितनी दुकानों का आवंटन किया गया व उक्त आवंटन में अनु0जाति का आरक्षण दिया गया है अथवा नहीं? जिला पंचायत की दुकानों में अनु0जाति के कितने दुकानदार स्थापित है? क्या वह स्वयं दुकान चला रहे हैं अथवा नहीं? यदि नहीं, तो उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही की जा रही है? यदि आरक्षण पूरा नहीं किया गया तो सरकार द्वारा आरक्षण पूरा करने की क्या योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण<br>21.02.2018 | 43. क्या सहकारिता मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड राज्य भण्डारण निगम ने पर्वतीय क्षेत्रों में 50 कोल्ड स्टोरेज बनाने का निर्णय लिया है? यदि हां, तो यह कोल्ड स्टोर किन स्थानों में बनेंगे? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि पौड़ी जिले के यमकेश्वर क्षेत्र में जहॉ के किसानों को अपनी फल–सब्जियों को उचित समय पर बेहतर बाजार नहीं मिल पाते वहां ऐसे कोल्ड स्टोर बनाये जायेंगे जिसमें किसान अपने उत्पादों को रख सकें? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>21.02.2018 | 44. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि काशीपुर जिला उधमसिंहनगर में एक नया राजकीय कन्या इण्टर कालेज द्वितीय खोले जाने के प्रस्ताव पर सरकार द्वारा स्वीकृति दी गयी है? यदि हां, तो क्या विद्यालय भवन के स्थल का चयन कर लिया गया है एवं भवन निर्माण के प्रति कितना धन स्वीकृत किया गया है और इस पर कब तक कार्य प्रारम्भ होगा? यदि नहीं तो क्या मंत्री जी इस बात से भिज्ञ है कि माह जून, 2017 के प्रथम सप्ताह में हुए विधान सभा सत्र में इस प्रश्न के प्रति बिना बहस किये मुझे आपके एवं माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा काशीपुर में नया राजकीय कन्या इण्टर कालेज द्वितीय का निर्माण कराये जाने का आश्वासन सदन में दिया गया था? यदि हां, तो इस पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>22.02.2018 | 45. क्या प्रौढ़ शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि वर्ष 2012 से 2017 की अवधि में प्रदेश में वर्षवार कितने पुरूष–महिला साक्षर हुए तथा इस अवधि में कुल कितने कार्मिक एवं स्वयं सेवी इस कार्य में लगाये गये तथा प्रौढ़ शिक्षा में इस अविध में कितना व्यय किया गया? | प्रौढ़ शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री करन माहरा<br>23.02.2018 | 46. क्या दुग्ध विकास मंत्री अवगत है कि वर्ष 2015–16 में जनपद नैनीताल के अन्तर्गत हल्द्वानी में राज्य दुग्ध विकास निदेशालय के लिए भूमि वन विभाग से मिली थी जिसका सीमाकंन वन विभाग द्वारा निदेशालय को कर दिया गया है? यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त निदेशालय की स्थापना हेतु अब तक क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | दुग्ध विकास |
| श्री करन माहरा<br>23.02.2018 | 47. क्या दुग्ध विकास मंत्री अवगत है कि दुग्ध उत्पादकों को मिलने वाली दुग्ध प्रोत्साहन राशि रू0 4.00 (चार रूपये) प्रति लीटर पूर्व की कांग्रेस सरकार उत्पादकों को दे रही थी? क्या सरकार दुग्ध उत्पादकों के उत्थान हेतु उक्त योजना को जारी रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | दुग्ध विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>23.02.2018 | 48. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड शिक्षा एवं परीक्षा परिषद रामनगर को समाप्त करके प्रदेश के कॉलेजों को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली के अधीन लाने का कोई निर्णय सरकार ने लिया है? इस संबंध में विस्तृत योजना क्या है? | शिक्षा |
| श्री राजकुमार<br>23.02.2018 | 49. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद उत्तरकाशी के पुरोला विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय बा0ई0का0 पुरोला में वर्ष 2014 से अंग्रेजी व भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता को व्यवस्था पर अन्य जनपदों में तैनात किया गया है जिससे क्षेत्र की बालिकाओं को पठन–पाठन में कठिनाई हो रही है? यदि हां, तो सरकार इन दोनों विषय प्रवक्ताओं को अपने मूल नियुक्ति के स्थानों पर कब तक वापस करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>26.02.2018 | 50 क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र की ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार मिनी स्टेडियम का निर्माण करेगी अथवा नहीं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | युवा कल्याण |
| श्री राजकुमार<br>26.02.2018 | 51. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि पुरोला विधान सभा क्षेत्र में पढ़ने वाले रा0इ0का0 एवं रा0 कन्या स्कूलों की कितने भवन बने है और कितनों के पास भवन नहीं है? पुरोला विधान सभा में कितने हाईस्कूल है? क्या उनके पास अपने भवन है? यदि नहीं, तो यह भवन कब तक बनेगें? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

श्री महेश सिंह नेगी
26.02.2018

52. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**

"क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश के अन्तर्गत कुल कितने राजकीय महाविद्यालय है व कितने राजकीय विद्यालय के भवन जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है तथा कितने राजकीय विद्यालय भवनहीन है? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र द्वाराहाट में लगभग समस्त राजकीय विद्यालयों के भवनों की स्थिति अत्यन्त जीर्ण–शीर्ण होने से उनका नवीनीकरण अथवा मरम्मत आगामी बरसात से पूर्व नहीं की जाती है तो भवनों की गिरने की प्रबल सम्भावनाऐं है जिससे छात्र–छात्राओं व शिक्षकों के साथ अप्रिय घटना घटित हो सकती है? क्या सरकार उपरोक्त दृष्टिगत के विधान सभा द्वाराहाट के राजकीय विद्यालयों के सन्दर्भ में शासन द्वारा नवीनीकरण/पुर्ननिर्माण हेतु किये जा रहे कार्यो का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? क्या सरकार विधान सभा द्वाराहाट के अन्तर्गत राजकीय विद्यालयों के क्षतिग्रस्त भवनों का पुर्ननिर्माण/जीर्णोद्वार व भवनहीन विद्यालयों में भवनों के निर्माण कार्य अतिशीघ्र प्रारम्भ करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?"

शिक्षा

**श्री महेश सिंह नेगी**
**26.02.2018**

53. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र द्वाराहाट के अन्तर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट में एम0एससी0की कक्षाओं का संचालन नहीं हाने से एम0एससी0 की शिक्षा ग्रहण करने हेतु अन्यत्र जाना पड़ता है जिससे गरीब छात्र छात्राओं को शिक्षा का उचित लाभ नहीं मिल पता है एवं उन्हें अत्यन्त कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र द्वाराहाट के अन्तर्गत कई शिक्षण संस्थान है जैसे इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलीटैक्निक, आई0टी0आई0 विधान सभा क्षेत्र द्वाराहाट के महाविद्यालय में एम0एससी0 की कक्षाओं का संचालन होता है तो विधान सभा द्वाराहाट एक एजुकेशनल हब के रूप में विकसित हो सकती है? क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र द्वाराहाट के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट में एम0एससी0 की कक्षाओं का संचालन सरकार अतिशीघ्र करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

उच्च शिक्षा

**श्री धन सिंह नेगी**
**26.02.2018**

54. क्या पंचायतीराज मंत्री अवगत है कि विभाग में संयुक्त निदेशक जिला पंचायत अनुश्रवण प्रकोष्ठ (कोष्ठक) का पद रिक्त है? यदि हां, तो मंत्री जी क्या यह बताने का कष्ट करेगें कि पंचायती राज निदेशालय में खाली उक्त पद को सरकार कब तक भरने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

पंचायतीराज

राजकुमार
..2.2018

55. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि पुरोला विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत स्व0 बर्फिया लाल जुवांठा रा0 महाविद्यालय के उच्चीकरण की कोई योजना विचाराधीन है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेगें कि इस महाविद्यालय के उच्चीकरण का मानक सही है? यदि सही है तो कब तक उच्चीकरण होगा? क्या मंत्री जी यह भी बतायेगें कि इस विद्यालय में कौन–कौन से विषय संचालित है? एवं उनमें क्या सभी विषयों के प्रवक्ता है? यदि नहीं, तो कब तक नियुक्ति हो जायेगी?

उच्च शिक्षा

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
27.02.2018

56. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि वर्ष 2003 में महिला संवर्ग गृह विज्ञान प्रवक्ता हेतु जारी की गयी विज्ञप्ति में शैक्षिक योग्यता क्या थी? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेगें कि वर्ष 2008 में जारी विज्ञप्ति में सरकार या एन0सी0टी0ई0 द्वारा शैक्षिक योग्यता में कोई परिवर्तन किया है? यदि हां, तो तद्संबंधी सम्पूर्ण विवरण क्या सदन के पटल पर रखेगें? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
27.02.2018

57. क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत है कि 19 अगस्त 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में मुख्यमंत्री जी द्वारा सन् 2011 से स्याल्दे में स्वीकृत स्टेडियम के शीघ्र निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि आतिथि तक इसमें क्या प्रगति हुई है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेगें की वर्षों से लम्बित स्टेडियम का निर्माण कर जनता को इसका शीघ्र लाभ देगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

युवा कल्याण

श्री देशराज कर्णवाल
27.02.2018

58. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**

"क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि 09 नवम्बर सन् 2000 को प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के कितने छात्र पंजीकृत थे और ब्लॉक स्तर से शिक्षा निदेशालय सभी वर्ग के अधिकारियों के कुल कितने पद स्वीकृत थे 30 सितम्बर 2017 को कितने छात्र पंजीकृत है और अधिकारियों के कुल कितने पद स्वीकृत है? इस अवधि में शिक्षा के स्तर में वृद्धि हुई है अथवा गिरावट आयी है?"

शिक्षा

श्रीमती ममता राकेश
27.02.2018

59. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगें की विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर जनपद हरिद्वार में बी0डी0इण्टर कॉलेज में मिनी स्टेडियम कब तक बन कर तैयार हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

युवा कल्याण

श्री देशराज कर्णवाल
05.02.2018

60 क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में दुर्गम स्थानों पर महाविद्यालयों में कार्य कर रहे शिक्षकों को विशेष दुर्गम क्षेत्र भत्ता दिया जा रहा है? यदि हां, तो विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्या सरकार दुर्गम क्षेत्र के शिक्षकों की कमी के दृष्टिगत दुर्गम क्षेत्र भत्ता देने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

उच्च शिक्षा

नत्थी "ग"

**कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 21 मार्च, 2018 की बैठक में दिनांक 22 मार्च, 2018 से दिनांक 26 मार्च, 2018 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की हैः-**

**दिनांक 22 मार्च, 2018 (गुरूवार)**

माननीय सदस्य श्री देशराज कर्णवाल की नियम–54 की निम्नलिखित सूचनाओं का प्रस्तुतीकरणः–

2. "प्रदेश के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कार्मिकों को पदोन्नति में आरक्षण प्रदान किया जाय।"
2. "प्रदेश की आर्थिक एवं भौगोलिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए पहाड़ों से पलायन रोकने के लिए इस सदन में चर्चा कराई जाय।"

**दिनांक 23 मार्च, 2018 (शुक्रवार)**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम यथावत्।

**दिनांक 24 मार्च, 2018 (शनिवार)**

निम्नलिखित विधेयकों पर विचार एवं पारणः–

13. उत्तराखण्ड पुलिस (संशोधन), विधेयक, 2018
14. उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2018
15. उत्तराखण्ड (संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम, 1910)(अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) (संशोधन), विधेयक, 2018
16. उत्तराखण्ड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण (संशोधन), विधेयक, 2018
17. उत्तराखण्ड भाषा संस्थान, विधेयक, 2018
18. पैट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय (संशोधन), विधेयक, 2018
19. उत्तराखण्ड विविध विश्वविद्यालय (संशोधन), विधेयक, 2018
20. उत्तराखण्ड राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (संशोधन), विधेयक, 2018
21. उत्तराखण्ड अनानुदानित निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्थाओं (प्रवेश तथा शुल्क निर्धारण विनियम) (संशोधन), विधेयक, 2018
22. उत्तराखण्ड गौ एवं महिषवंशीय प्रजनन विधेयक, 2018
23. उत्तराखण्ड धर्म स्वतंत्रता विधेयक, 2018
24. उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन), विधेयक, 2018

दिनांक 25 मार्च, 2018 (रविवार) अवकाश

दिनांक 26 मार्च, 2018 (सोमवार)

(1) निम्नलिखित अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरणः–

मा0 वित्त, वाणिज्य कर, स्टाम्प एवं निबन्धन, मनोरंजन कर, संसदीय एवं विधायी कार्य, निर्वाचन, आबकारी, जनगणना, भाषा, प्रोटोकाल मंत्री से सम्बद्ध विभाग।

| | | |
|---|---|---|
| अनुदान संख्या | 05 | निर्वाचन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| | 07 | वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवायें की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| | 08 | आबकारी, विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |

मा0 सिंचाई, लघु सिंचाई, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवायें, जलागम प्रबन्ध, सहकारिता मंत्री से सम्बद्ध विभाग।

| | | |
|---|---|---|
| अनुदान संख्या | 18 | सहकारिता विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| | 20 | सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |

मा0 पर्यटन, औद्यानिक विकास मंत्री से सम्बद्ध विभाग।

| | | |
|---|---|---|
| अनुदान संख्या | 26 | पर्यटन विभाग की अनुदान पर मांग,चर्चा और मतदान। |
| | 29 | औद्यानिक एवं रेशम विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |

मा0 शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, खेल, युवा कल्याण, कला एवं संस्कृति, वन मंत्री से सम्बद्ध विभाग।

| | | |
|---|---|---|
| अनुदान संख्या | 11 | शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा एवं मतदान। |
| | 27 | वन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |

मा0 कृषि, कृषि विपणन, कृषि शिक्षा, पेयजल, जलापूर्ति, शहरी विकास मंत्री से सम्बद्ध विभाग।

| | | |
|---|---|---|
| अनुदान संख्या | 13 | जलापूर्ति, शहरी विकास विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| | 17 | कृषि कर्म एवं अनुसंधान विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |

मा0 परिवहन, नागरिक उड्डयन, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, छात्र कल्याण मंत्री से सम्बद्ध विभाग।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनुदान संख्या | 24 | परिवहन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान | |
| | 30 | अनुसूचित जातियों का कल्याण विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | |
| | 31 | अनुसूचित जनजातियों का कल्याण विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान | |

मा0 पशुपालन, मत्स्य पालन मंत्री से सम्बद्ध विभाग।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनुदान संख्या | 28 | पशुपालन सम्बन्धी कार्य विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान | |

मा0 मंत्री श्रम, सेवायोजन, आवास मंत्री से सम्बद्ध विभाग।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनुदान संख्या | 16 | श्रम और रोजगार, आवास विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान | |
| अनुदान संख्या | 01 | विधान सभा की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | विवाद नहीं होगा। |
| | 02 | राज्यपाल की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | –तदैव– |

मा0 मुख्य मंत्री से सम्बद्ध विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनुदान संख्या | 03 | मंत्रिपरिषद की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | –तदैव– |
| | 04 | न्याय प्रशासन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | –तदैव– |
| | 06 | राजस्व एवं सामान्य प्रशासन विभाग की अनुदान, पर मांग, चर्चा और मतदान। | |
| | 09 | लोक सेवा आयोग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | विवाद नहीं होगा। |
| | 10 | पुलिस एवं जेल विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | |
| | 12 | चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | |
| | 14 | सूचना विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | |
| | 15 | कल्याण योजनाओं से सम्बद्ध विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | |

19 ग्राम्य विकास विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान।

21 उर्जा तथा वैकल्पिक ऊर्जा विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान।

22 लोक निर्माण विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान।

23 उद्योग विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान।

25 खाद्य विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान।

(2) उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2018 पर विचार एवं पारण।

**(शेष कार्यक्रम यथावत्।)**